आकाशवाणी श्री विजयपुरम

24.10.2024 समय : 1850

- केन्द्रीय ऊर्जा और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल द्वीपों के एक दिवसीय दौरे पर कल श्री विजयपुरम पहुंचेंगे।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ईंधन की पारदर्शी प्रबंधन के लिए विद्युत विभाग द्वारा सभी बिजली घरों के लिए पी ओ एल निगरानी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है।
- श्री विजयपुरम में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
- शहर के विभिन्न वार्डों में सकारात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले ने वार्ड नम्बर उन्नीस का निरीक्षण किया।
- युवा उत्सव मनाए जाने के सिलसिले में नेहरू युवा केन्द्र कार निकोबार की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><>

केन्द्रीय ऊर्जा और आवास तथा शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल द्वीपों के एक दिवसीय दौरे पर कल श्री विजयपुरम पहुंचेंगे। यहां पहुंचने के तुरंत बाद वे दिन में दस बजकर बीस मिनट पर एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात करेंगे। साढ़े दस बजे उनकी द्वीपसमूह में ऊर्जा और शहरी विकास के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक होगी। दिन में साढ़े बारह बजे केन्द्रीय मंत्री डॉलीगंज और गाराचरमा में सौर ऊर्जा संयंत्र का निरीक्षण करेंगे। दोपहर बाद श्री मनोहर लाल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप जाएंगे। कल ही शाम चार बजकर पचास मिनट पर वे राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल का दौरा करेंगे और बाद में वे ध्वनि तथा प्रकाश का कार्यक्रम देखेंगे। द्वीपों का दौरा पूरा कर वे छब्बीस अक्तूबर को मुख्यभूमि लौट जाएंगे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में ईंधन की पारदर्शी प्रबंधन के लिए विद्युत विभाग द्वारा सभी बिजली घरों के लिए पी ओ एल निगरानी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। सॉवटेक की ओर से विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से ईंधन की खपत, भंडारन और वितरण पर निगरानी रखी जा सकेगी। सभी बिजली घरों की ओर से सॉफ्टवेयर में पी ओ एल से संबंधित प्रविष्टियों की निगरानी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी की जाएगी। विभाग के जेई और एई को इस संबंध में प्रशिक्षण भी दिया गया है। आपदा प्रबंधन भवन के सम्मेलन कक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक में ऊर्जा निदेशक द्वारा दिए गए निर्देश का पालन करने को कहा। इसकी अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पी ओ एल का अनाधिकृत उपयोग के मामले को भी गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी। सभी बिजली घरों में ऊर्जा मीटर को सुचारू बनाया जाएगा।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार हिन्दी के विकास और इसके प्रचार–प्रसार पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। हमें भी हर स्तर पर इसे बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने बोल–चाल की इस भाषा का सरलीकरण करने को कहा, ताकि लोग बिना किसी परेशानी के इसे समझ सके। इस अवसर पर मुख्य सचिव और राज भाषा सचिव ने हिन्दी का प्रयोग करने वाले सर्वश्रेष्ठ विभागों के अलावा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत वरिष्ठ अधिकारियों को भी पुरस्कृत किया। राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि प्रशासन दैनिक शासकीय कार्यों में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील है। राजभाषा के

क्रियान्वयन की निगरानी के लिए सभी विभागों में नोडल अधिकारी राजभाषा को नियुक्त किया गया है।

<><><><><><><>

प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से धन्नीखाड़ी और मंगलुटान चौराहे के बीच सड़कों की मरम्मत और रखरखाव करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ये मार्ग यातायात का एक प्रमुख साधन है। सड़कों की खराब स्थिति से आवाजाही के साथ–साथ स्थानीय लोगों को भी तकलीफें होती है।

<><><><><><><>

समुदायों की चिंताओं का समाधान करने और शहर के विभिन्न वार्डों में सकारात्मक विकास को बढ़ावा देने के लिए श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले ने वार्ड नम्बर उन्नीस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद और नगरपालिका के अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे। सचिव ने अधिकारियों से वार्ड में उद्यान का निर्माण करने का निर्देश देते हुए पार्क के नजदीक पार्किंग क्षेत्र भी विकसित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यों से एक स्वस्थ पर्यावरण के साथ सामाजिक चेतना भी उत्पन्न होगी। पार्क के विकासित होने से लोगों को फिटनेस सहित सामाजिक आदान–प्रदान करने में भी सहायता मिलेगी।

इस बीच, नगरपालिका परिषद और चेन्नई की गैर सरकारी संगठन ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया की ओर से परिषद के सफाई कर्मियों के लिए पशु देख–रेख और डॉक कैंचिंग तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद की शिक्षा और सामाजिक न्याय समिति की अध्यक्षा वी के मरियम बीबी ने अन्य पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के साथ मुख्य सचिव केशव चन्द्र से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर बातचीत की। बातचीत में जी बी पंत अस्पताल और अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सुधार करने के अलावा पानीघाट जेट्टी का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने, बम्बूफ्लाट से होपटाउन के बीच मरीना का विकास करने और शोर प्वाइंट में अम्यूसमेंट पार्क का निर्माण करने का अनुरोध किया। मुख्य सचिव ने मुद्दों पर गौर करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

युवा उत्सव मनाए जाने के सिलसिले में नेहरू युवा केन्द्र कार निकोबार की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िला प्रशासन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सन्नी गुप्ता मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने पंच प्रण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका पर जानकारी दी। मुख्य अतिथि द्वारा विज्ञान मेले का भी आयोजन किया गया। मेले में प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं में नकद पुरस्कार भी बांटे गए।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के ग्यारह बाल देखभाल संस्थानों में वाटर प्यूरीफायर्स उपलब्ध कराया गया है। सेवा निकेतन डेरीफार्म में राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी और ऑल इंडिया लिमिटेड की ओर से आयोजित कार्यक्रम में इसका वितरण किया गया।

<><><><><><><>

पार्षद वी. वेटरीवेल्लु ने प्रशासन के अवकाश प्राप्त सहायक सचिव और प्रातरापुर निवासी जूलियट मेशाक के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। शव यात्रा कल दिन में दो बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से कल नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर्यटकों और आम जनता के लिए बंद रहेगा।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी एड डिग्री कार्यक्रम के लिए बॉटनी व प्लांट साइंस की दो सीटे रिक्त हैं। संबंधित पात्र उम्मीदवारों से उनतीस अक्तूबर को सुबह साढ़े नौ बजे कॉलेज के संगोष्ठी दीर्घा में परामर्श के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

ज़िला कारावास, जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, स्वास्थ्य सेवा, जहाज़रानी तथा विद्युत विभाग में विभिन्न पदों के लिए गत वर्ष आयोजित सामान्य मैट्रिक स्तरीय परीक्षा में उम्मीदवारों के पद ग्रहण न करने और दिए गए मापदंडों की समीक्षा करने के बाद इन विभागों की ओर से अतिरिक्त चयनित सूची जारी की गई है।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिव्यांगजनों के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्तर से अधिक दिव्यांगजनों की जांच की गई। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त डॉ. केशव नरेन्द्र ने इस शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। शिविर में सीआरसी की निदेशक सुनीता मोल, फीज़ियो थेरेपिस्ट टी वाई आबिद, पुनर्वास अधिकारी सरन्या आर के और खंड स्रोत अधिकारी जेनिफ़ा ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

<><><><><><><>

डिगलीपुर पुलिस ने करीब ढाई लाख मूल्य के सोने के आभूषण चुराने के मामले को सुलझाते हुए दो लोगों की गिरफ्तारी की है। आर के ग्राम निवासी एक महिला की शिकायत पर थाना प्रभारी विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छानबीन आरंभ की और प्रणब दास तथा दीपांकर दास नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पिछले दिनों वरिष्ठ राष्ट्रीय आरबिटर संगोष्ठी और परीक्षा का आयोजन किया गया। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन द्वारा अखिल भारतीय चेस फेडरेशन के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी के दौरान द्वीपसमूह से ग्यारह शतरंज खिलाड़ियों का चयन वरिष्ठ राष्ट्रीय आरबिटर टाइटल के लिए किया गया।

<><><><><><><>